# कार्यालय नगर पंचायत कछौना पतसेनी, जनपद–हरदोई

पत्रांकः–        /न0पं0कछौना/2018–19,                                        दिनांकः–16.08.2018

## अति अल्पकालीन ई–टेण्डर सूचना

नगर पंचायत कछौना पतसेनी के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2018–19 में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से 12 सीटेड पब्लिक शौचालय बोरिंग एवं सबमर्सिबल पम्प एवं विद्युत फिटिंग आदि सहित निर्माण कार्य ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदाएं https//etender.up.nic.in पर दिनांक 17.08.2018 को प्रातः 11:00 AM से 20.08.2018 को सायं 5:00 PM तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्यों की निविदा के अपलोड किये गये समस्त अभिलेख की प्रतियां जिसके साथ निविदा प्रपत्र मूल्य की डी0डी0 एवं 10% धरोहर धनराशि की रा0व0पत्र अथवा एफ0डी0आर0 (राष्ट्रीय कृत बैंक) अधिशासी अधिकारी के पदनाम बन्धक कराकर दिनांक 21.08.2018 को अपरान्ह 02:00 PM तक बन्द लिफाफों में व्यक्तिगत रुप से कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे।

टेण्डर शिड्यूल (**www.etender.up.nic.in**)

| S. No. | नगर पंचायत कछौना पतसेनी/ANN Stage | Vendor Stage | प्रारम्भ तिथि व समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | - | 17-08-2018 11:00AM | |
| 2. | | Tender Download | 17-08-2018 11:00AM | 20-08-2018 5:00PM |
| 3. | | Bid Submission | 17-08-2018 11:00AM | 20-08-2018 5:00PM |
| 4. | Close for Bid | | 20-08-2018 05:00PM | |
| 5. | Technical Bid Opening | | 21-08-2018 05:00PM | |
| 6. | Finence Bid Opening | | After Approval of Techincal Bid | |

**अन्य शर्तें निम्नवत रहेंगी।**

1. निविदादाताओं को कार्ययोजना के कियान्वयन के साथ–साथ उसके अगले 5 वर्षों तक रख–रखाव करना अनिवार्य है जिसमें जमानत धनराशि रख–रखाव अवधि बीतने के पश्चात रिलीज की जायेगी।
2. निविदा स्वीकृत होने की सूचना राज्यस्तर पर गठित तकनीकी समिति की स्वीकृति मिलने के उपरान्त दी जायेगी, स्वीकृतोपरान्त ही कार्यादेश जारी किया जायेगा।
3. सशर्त टेण्डर पर विचार नही किया जायेगा।
4. नियमानुसार आयकर एवं जी0एस0टी0सेस, रायल्टी आदि की कटौती की जायेगी।
5. टेण्डर स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित कीमत के स्टाम्प पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा तथा साथ ही एक बान्ड/शपथ पत्र भी देना होगा।
6. टेण्डर को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय को होगा।
7. निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र भी अपलोड कर प्रस्तुत करना होगा।
8. टेण्डर फार्म पर टेण्डर रेट (दरें) प्रतिशत आधार पर स्पष्ट अंकित होना चाहिये। उसमें किसी प्रकार की कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नही होगी।
9. निविदा के साथ टी–6 के साथ व टी–4 एवं टी–5 की फोटो प्रति नोटेरी के द्वारा सत्यापित कर इस अन्डर टेकिंग के साथ संलग्न करना होगा।

Scanned by CamScanner

10. शासनादेश अनुसार टेण्डर के साथ रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर स्व0 घोषणापत्र, शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**नोट :–** निविदाओं में सम्मिलित होने वाले ठेकेदारों की पहले Technical financial Bid Requir-ments (Envelope-B) नियत समय पर देखी/खोली जायेगी, यदि Technical financial Bid Requir-ments में यदि आपको इसमें 60 अंक (60Marks) प्राप्त होते हैं तो आपका Technical financial Bid Requir-ments (Envelope-A) खोला जायेगा, अन्यथा की स्थिति में (Envelope-A) नही खोला जायेगा। निविदायें खुलने के समय ठेकेदार/प्रतिनिधि की उपस्थित में सर्वप्रथम Technical financial Bid Requir-ments (Envelope-B) का लिफाफा खोला जायेगा, इस प्रकार खुली निविदाओं पर ही अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी।

निविदा की सूचना नगर पंचायत कछौना पतसेनी की वेबसाइड kachhaunapatseni.in पर उपलब्ध है।

**(विन्ध्याचल)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कछौना पतसेनी**

**(गीनू)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कछौना पतसेनी**

**पत्रांक व दिनांक उक्त।**

**प्रतिलिपि :–**

1. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई की सेवा में सूचनार्थ।
2. उपजिलाधिकारी महोदय, सण्डीला नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र "**राष्ट्रीय सहारा**" को इस अनुरोध के साथ कि वह निविदा का प्रकाशन कराकर बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
4. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु
5. सम्बन्धित पत्रावली।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कछौना पतसेनी**

Scanned by CamScanner